बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दूल्हे के पिता और चाचा की मौत

धौलपुर सदर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 123 पर आदर्श नगर गांव के पास हुआ हादसा

धौलपुर, (निसं)। बारात लेकर जा रही एक पिकअप बेकाबू होकर खेत में पलट गई। हादसे में दूल्हे के पिता सहित दो की मौत हो गई, वहीं करीब 7 लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया है। घटना से शादी के घर में मातम पसर गया। हादसा धौलपुर शहर के सदर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 123 पर आदर्श नगर गांव के पास हुआ है।

जानकारी के अनुसार धौलपुर शहर के सत्यनारायण कॉलोनी निवासी रामवीर सिंह अपने पुत्र रोनू की बारात लेकर उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के जगनेर कस्बे में गया था। शादी समारोह को संपन्न कर शनिवार को पिकअप गाड़ी में सवार होकर डेढ़ दर्जन से अधिक बाराती वापस घर लौट रहे थे। तभी नेशनल हाईवे 123 पर आदर्श नगर गांव के नजदीक पिकअप चालक को नींद की झपकी आ गई और तेज रफ्तार पिकअप खेत में पलट गई। घटना के चश्मदीद लोगों ने बताया कि गाड़ी ने खेत में तीन पलटी खाई है। दुर्घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे को देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।

जिन्होंने पुलिस को सूचित कर गाड़ी के अंदर से फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया। जहां दूल्हे के पिता रामवीर सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं इलाज के दौरान घायल दूल्हे के चाचा रामनिवास की भी मौत हो गई।घटना को लेकर सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि सभी घायलों का जिला अस्पताल धौलपुर में उपचार किया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। हादसे के कारणों की पुलिस जांच कर रही है।

घटना के बाद शादी के घर में मातम पसर गया, पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच की।

■ घटना में सात लोग घायल हुए

इस दौरान हादसे में 25 वर्षीय सोनू पुत्र सुरेश चंद्र, 35 वर्षीय राधे पुत्र धर्मेंद्र, 60 वर्षीय जनक सिंह पुत्र शिव सिंह, 8 वर्षीय विकास पुत्र लोकेंद्र सिंह, 50 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह पुत्र जीवनलाल, 65 वर्षीय महिपाल आदि 7 जने घायल हैं, जिनका जिला अस्पताल धौलपुर में इलाज चल रहा है।

जेईई मैन्स् में 99.96 प्रतिशत अंक के साथ ध्रुवी ने टॉप किया

आल इंडिया में पांचवी रैंक प्राप्त की

भीलवाड़ा, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जे ई ई मैन्स् 2024 के दूसरे सेशन की परीक्षा का रिजल्ट बुधवार देर रात जारी किया, इसमें भीलवाड़ा आर के कॉलोनी निवासी ध्रुवी जैन ने 99.96 परसेंटाइल हासिल करते हुए भीलवाड़ा जिले में गर्ल्स टॉपर रही है।

ध्रुवी ने पहले ही साल में जेईई मैन परीक्षा पास कर ली। शुरुआत से ही ध्रुवी अकादमिक टॉपर रही है। 10 बोर्ड में 99.20 हासिल करने वाली ध्रुवी भीलवाड़ा जिले में टॉप करते हुए आल इंडिया पांचवी रैंक लाई थी और उसका 12 क्लास का परिणाम आना बाकी है। ध्रुवी का पढ़ाई के प्रति बचपन से रुझान रहा है। वो अपने पेरेंट्स और टीचर को अपनी सफलता का श्रेय देती है। ध्रुवी का कहना है कि उसकी इच्छा बड़ा होकर कलेक्टर बनने की है और इस इच्छा और सपने को पूरा करने के लिए वो शुरू से ही मन लगाकर पढ़ाई करती आ रही है। ध्रुवी के पिता प्रकाश सिंघवी (जैन) सोलर एवं प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं और उसकी मां सोनाली जैन भीलवाड़ा सेशन कोर्ट में रीडर की पोस्ट पर कार्यरत हैं।

ध्रुवी जैन।

ध्रुवी दसवीं के एग्जाम के बाद से ही कोटा में रहकर जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही थी। उसने कई प्रतियोगी परीक्षाएं दी है जिन में गोल्ड मेडल और फर्स्ट रैंक प्राप्त किये है। ध्रुवी की मां सोनाली जैन का कहना है कि ध्रुवी शुरू से ही ऑलराउंडर है। किताबें पढ़ना, कुकिंग और डांस में भी परफेक्ट है। ध्रुवी के दो छोटे भाई हैं जिन्हें भी वो टैकल करती है।

नहर में गिरने से युवक की मौत

भरतपुर (निस)। सुजानगंगा नहर में डूबे व्यक्ति के शव की पहचान बुद्ध के हाट निवासी दीपू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दीपू सुजानगंगा नहर की बाउण्ड्री पर बैठा था। जहां से अचानक गिर जाने से उसकी मौत हो गई।

देर शाम सिविल डिफैंस की टीम ने उसके शव को ढूंढने का खूब प्रयास किया। लेकिन शुक्रवार को सफलता नहीं मिली। आज सुबह एक बार फिर सिविल डिफैंस की टीम ने शव की तलाश की जिस पर शव को तलाश कर बाहर निकाला गया। मथुरा गेट थाना पुलिस ने मृतक के शव को जिला आरबीएम अस्पताल पंहुचाया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि दीपू ई रिक्शा चलाने का कार्य करता था। वह अपने परिवार के साथ किले में किराए के मकान पर रहता था। दीपू कल शाम को सुजान गंगा नहर की बाउण्ड्री पर बैठा हुआ था। तभी अचानक से उसका संतुलन बिगड गया और नहर में जा गिरा। युवक के गिरने की घटना पर स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिस पर मथुरा गेट थाना पुलिस ने एसडीआरएफ के जवानों को मौके पर बुलवाया और दीपू की तलाश की गई। लेकिन दीपू देर रात्रि तक नही मिल सका। जिस पर शनिवार को एक बार फिर दीपू की तलाश की गई। एसडीआरएफ की टीम ने शव का नहर से निकाला। जिस पर मथुरा गेट थाना पुलिस ने मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में रखवाया। जहां मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

फूड पॉइजिंग से 20 लोग बीमार

भरतपुर, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में करीब 20 लोग फूड पॉइजिंग को वजह से बीमार हो गए। बीमार लोगों को आरबीएम अस्पताल में लाया गया। कुछ लोगों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी लोगों ने शादी के घर में खाना खाया था। तब से उनकी तबियत बिगड़ी है। मरीजों ने बताया कि सांतरुक गांव में 25 अप्रैल को निशु नाम की लड़की की शादी थी। 24 अप्रैल को निशु के घर कड़ी चावल और पूरी बनी थी। निशु के परिजनों और आसपास के लोगों ने खाना खाया और सभी लोग घर चले गए। 25 अप्रैल को कुछ लोगों की तबियत खराब होने लगी। उन्होंने पहले तो मेडिकल की दुकान से दवा ले ली लेकिन, उनकी तबियत ठीक नहीं हुई। कल करीब 20 लोगों की तबियत ज्यादा बिगड़ गई। जिन्हें रारह के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शाम को सभी लोगों को छुट्टी मिल गई। आज सुबह फिर से करीब 20 लोगों को उल्टियां पेट दर्द होने लगा। जिसके बाद सभी लोगों को आरबीएम अस्पताल लेकर आया गया।

सहजरासर की रोही में जमीन धंसने के कारणों के बारे में जल्द होगी जानकारी

भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग की टीम ने गड्ढे को हर एंगल से देखा

लूणकरनसर, (निसं)। तहसील के ग्राम सहजरासर की रोही में गत 15 अप्रेल की रात को अचानक जमीन धंसने से बने गड्ढे की जांच के लिए भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग की टीम ने लूणकरणसर क्षेत्र का दौरा किया। जीएसआई के दल ने घटना स्थल का जायजा लिया। टीम ने घटना स्थल के आस-पास तथा कई अन्य स्थलों का निरीक्षण कर जानकारी ली। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के निदेशक एम श्याम कुमार सिंह व वरिष्ठ वैज्ञानिक देवप्रसाद साहू के साथ तीन सदस्यीय दल ने सहजरासर में जमीन धंसने बने गड्ढे की जगह को हर एंगल से देखा।

इस बारे में मौके पर ग्रामीणों से जानकारी ली। सहजरासर गांव के पास स्थित सेजराणा जोहड़, पुराने कुआं समेत कई परंपरागत जलस्रोतों को देखा। मौके पर ग्रामीणों से भी कई सालों की भौगोलिक स्थिति को लेकर इनपुट लिए गए। जीएसआई की टीम के साथ स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता राजू चौहान, सरपंच आशीदेवी सहित कार्मिक आदि भी मौजूद रहे। निदेशक सिंह ने बताया कि अभी मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। अगले एक-दो दिन में सभी एंगल से जांच के बाद जमीन धंसने के कारणों के बारे में पता चल पाएगा।

सहजरासर गांव की रोही में जमीन धंसने से बने गड्ढे को लेकर एक युवक के गड्ढे में उतरने की सूचना मिलने के बाद अब प्रशासन ने भी सख्ती दिखाई है। उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार ने धारा 144 लगाते हुए गड्ढे बने इलाके में आगामी आदेशों तक बिना अनुमति के प्रवेश करने पर मनाही है। धारा तोडने वालों को पुलिस गिरफ्तार कर कार्रवाई कर सकती है। इसमें धारा तोडने पर दो साल तक की सजा या जुर्माने का भी प्रावधान है।

सहजरासर गांव में 15 अप्रेल को अप्रत्याशित रूप से बने 70 फीट गहरे और 150 फीट लंबे गड्ढे की जानकारी जैसे ही आमजन को हुई, तो युवा रील बनाने के चक्कर में गड्ढे में उतरने लगे। तब प्रशासन ने सख्ती बरती और 200 मीटर परिधि में तारबंदी करवाकर धारा 144 लागू कर दी और बिना विशेष आज्ञा के इस परिधि के अंदर जाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई का आदेश दिया। इसके लिए ग्राम पंचायत की ओर से तीन कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई। पुलिस के 2 जवान भी नियुक्त किए गए। इसके बाद भी आमजन प्रतिबंधित क्षेत्र में खुलेआम पहुंच रहा है।

सहजरासर गांव के पास एक खेत में जमीन धंसने के मामले को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि इस जगह करीब सौ साल पहले आकाशीय बिजली गिरी थी। इसी कारण इस जगह को लेकर आम बोचचाल में बिजलखाड के नाम से पुकारते है। ग्रामीणों ने बताया कि इस जगह पिछले कई साल से एक-दो फीट जगह धीरे-धीरे धंसती आ रही है। इससे इस जगह सड़क भी हर साल क्षतिग्रस्त होती थी।

भुआ के घर से जेवरात चोरी करने वाला भतीजा गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। कर्ज उतारने के लिए भुआ के घर से जेवरात चुराने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित प्रकरण के अनुसार नोजी बाई पत्नी रामक्ष सुथार निवासी हिरणमगरी सेक्टर 4 ने गत दिनों हिरणमगरी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि पांच माह पूर्व मेरे घर से 3 तोला सोने के व 46 तोला चांदी के जेवर चोरी हो गए। इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन जेवरात नहीं मिली। शंका के आधार पर अपने भतीजे विजेन्द्र कुमार सुथार पुत्र पुरूषोत्तम लाल निवासी दरोली डबोक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया था।

मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल राजेन्द्रसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विजेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए जेवरात बरामद किए। प्रारंभिक पूछताछ में उसने उक्त जेवरात कर्ज चुकाने के लिए चोरी करना स्वीकार किया।

बाप पंचायत के पूर्व प्रधान भाटी का निधन

बाप, (निसं)। बाप पंचायत समिति के पूर्व प्रधान व भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर आनंद सिंह भाटी बारु का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को निधन हो गया। बाप पंचायत समिति के पूर्व प्रधान आनंद सिंह भाटी के निधन की सूचना मिलते ही सम्पूर्ण बाप क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारु निवासी ठाकुर आनंद सिंह राजपूत समाज के न्यायप्रिय, सद् विचारक, सेवाभावी व सज्जन पुरुष थे। भाटी 1978 से 1981 तक बारू के सरपंच तथा 1981 से 1988 तक बाप पंचायत समिति के प्रधान रह चुके है।

विवाहित पुरूष व महिला एक ही फंदे पर झूले

बाप, (निसं)। जोधपुर के पास बाप उपखंड मुख्यालय के नजदीक जेतड़ासर ग्राम पंचायत की भीलो की ढाणी में विवाहित पुरूष व विवाहित महिला ने एक साथ फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी है। दोनों के 6- 6 बच्चे है। घटना के समय मृतका का चार वर्षीय बच्चा साथ था। उसके रोने की आवाज सुन लोग मौके पर पहुंचे तथा वंहा का मंजर देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतका के भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की है।

मुख्य आरक्षी राजेंद्रसिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि जेतड़ासर में भीलो की ढाणी में स्त्री पुरूष ने फांसी लगा ली है। सूचना पर बाप पुलिस मौके पर पहुंची। वहां मिले लोगो ने पुलिस को बताया कि सुबह एक बच्चे की आवाज सुन वे तुलछाराम के घर के पास पहुंचे। तुलछाराम का परिवार खेत में रहता है। इसलिए यहां उसका घर सूना ही रहता है। ऐसे में लोगो ने सोचा कि वह यंहा अपने परिवार के साथ आया होगा। लेकिन जब लोग मौके पर पहुंचे तो तुलछाराम पुत्र पतुराम जाति भील अपने घर के एक कमरे में पंखे के हुक से जमना पत्नी जोधाराम भील निवासी कोलासर (कोलायत, बीकानेर) के साथ फंदे पर झुल रहे थे। रोने वाला बच्चा जमना का बेटा था। संभवत: दोनों रात में यंहा आये होंगे। पुलिस ने दोनो के शव कब्जे में लेकर बाप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मार्चरी में रखवा। दोनो के परिवार के लोगो की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा पुलिस ने दोनो के शव परिजनो को सुपुर्द कर दिए।

■ पुलिस ने दोनो शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुपुर्द कर दिए

मृतका के भाई रूपाराम पुत्र गोरधनदास भील निवासी भोजो की बाप चक नंबर 1 ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन जमना की 17 वर्ष पूर्व जोधाराम निवासी कोलासर (कोलायत) के साथ की थी। जमना के 6 बच्चे है। घटना वक्त जमना के साथ 4 वर्ष का एक बेटा साथ था। इसलिए रपोर्ट में रूपाराम ने लिखा कि तुलछाराम की शादी भी आऊ तहसील के मुंझासर गांव में 12-13 वर्ष पूर्व हुई थी। इसके भी 6 बच्चे है। अभी तुलछाराम की पत्नी अपने सभी बच्चों के साथ पीहर मुंझासर गई हुई थी। घटना का समाचार फैलते ही भील समाज के लोग अस्पताल मोर्चरी के आगे जमा हो गए। लोग भी इस तरह की घटना से हैरान व सकते में दिखे। प्रारंभिक जांच मे सामने आया कि दोनो के बीच लंबे समय से नजदीकिया थी। हांलाकि रिपोर्ट में मृतका के भाई ने दोनों के बीच के रिश्ते पर अनभिज्ञता जता दी।

महिला शिक्षिका से मारपीट कर आभूषण छीने

झालावाड़ (निसं)। जिले में ग्राम मंगाल के स्कूल से घर लौट रही महिला शिक्षिका से बदमाश गहने लूटकर भाग गया इससे पहले उसने महिला से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। प्राथमिक विद्यालय मंगाल में कार्यरत अध्यापिका चंद्रलेखा बलोत स्कूल से पैदल रोड तक जा रही थी उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला शिक्षिका पर ताबडतोड लातों, घूसों से हमला कर दिया, महिला के आगे के दांत तोड़ दिए और नाक, कान के टॉप्स, मंगल सूत्र, अंगूठी आदि सोने के आभूषण हत्यारे के द्वारा निकाल लिय गए जिससे महिला लहूलुहान हो गई जेसे ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा अध्यापिका को मारने के लिय रिवाल्वर या तमंचा निकाला गया उसी समय मोटर साइकल पर सवार दो व्यक्ति को देखकर लुटेरा भाग गया।

घायल शिक्षिका को झालरापाटन के सेटेलाइट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है तथा उसका मेडिकल करवाया गया है।

■ शिक्षिका पर ताबड़तोड़ लातों, घूसों से हमला कर कर महिला के आगे के दांत तोड़ दिए

सदर थाना प्रभारी भूपेश ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगाल की शिक्षिका चन्द्रलेखा भालोत स्कूल से घर लौट रही थी इस दौरान एक बाइक सवार बदमाश ने महिला को अकेली पाकर रोड पर मारपीट की इससे महिला अधमरी हालात में हो गई महिला ने शिकायत में बताया कि बदमाश उसके कान की बालियां, मंगलसूत्र और नाक की लॉग लूटकर ले गया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला का झालरापाटन के सेटेलाइट हॉस्पिटल में इलाज जारी है शिक्षिका झालावाड़ के अमन होटल के पीछे स्थित अशोक विहार कॉलोनी की निवासी है।

विधायक महंत प्रतापपुरी का जादू नहीं चला

पोकरण, (निसं)। जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के पोकरण विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को दूसरे चरण के मतदान के दिन जोधपुर संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभा में सबसे अधिक मतदान हुआ है। पोकरण में शाम सात बजे तक 69.45 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि जोधपुर लोकसभा में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र में जहां सुबह 9 बजे तक मतदान प्रतिशत 9.13 प्रतिशत रहा जो कि बहुत कम था। जिसके बाद दोनों प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओं ने अपनी पूरी ताकत मतदान प्रतिशत को बढाने में झोंक दी जिससे शाम होते -होते मतदान प्रतिशत बढकर 69.45 पहुंच गया। गौरतलब है कि पोकरण विधानसभा में 225275 मतदाता है जिसमें 119772 पुरुष और 105503 महिला मतदाता है । इन मतदाताओं आज लोकतंत्र पर्व में भागीदार बनकर अपने मत का उपयोग कर अपने भविष्य के लिए मतदान किया। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने सूरज के आग उगलने से पहले ही मतदान कर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया तो वहीं कार्यकर्ताओं को भी भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोकसभा चुनाव 2024 पोकरण विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 25,275 मतदाताओं में से 1,56,434 मतदाताओं ने अपना मतदान का उपयोग किया पोकरण विधानसभा क्षेत्र में कुल क्षेत्र 69. 44 कुल मतदान किया गया, सबसे कम मतदान बूथ संख्या 26 पर 48.86, बूथ संख्या 58 पर 96.74 सर्वाधिक मतदान किया गया, पुरुष मतदाता 1,19,772 वहीं महिला मतदाता 1,05503,एससी एसटी एवं मुस्लिम बाहुल्य बुथो पर अधिक मतदान जागरूक मतदाताओं द्वारा किया गया,

विधानसभा चुनाव के मात्र पाच माह बाद लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की वोट बैंक खीसकती नजर आ रही, विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी महंत प्रताप पुरी महाराज को रिकॉर्ड तोड मतों से लगभग 35 000 से अधिक मतों से विजय हुए थे परंतु लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं का रुझान भाजपा के पक्ष में मतदान नही होने की जानकारी होने के साथ ही साथ भाजपा का बडा वोट बैंक खिसकता नजर आ रहा है। कई लोगों के अनुसार पोकरण क्षेत्र में विधायक महंत प्रतापपुरी के पाच मांह के कार्यकाल के विकास कार्यो व कार्यशैली से नाराजगी को लेकर के कारण भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर के साथ ही साथ इस क्षेत्र से मात्र कुछ मतों से हार जीत हो सकती है।

असम के राज्यपाल कटारिया ने भैरवदेव के दर्शन किए

बालोतरा, (निसं)। असम के राज्यपाल एवं श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक गुलाबचंद कटारिया शुक्रवार देर शाम देव दर्शन को लेकर विश्व विख्यात जैन तीर्थ नाकोड़ा पहुंचे। श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने बताया कि असम के राज्यपाल व श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक गुलाबचंद कटारिया शुक्रवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ तीर्थ नाकोड़ा पहुंचे। उन्होंने पार्श्वनाथ भगवान व भैरवदेव के दर्शन कर पूजा अर्चना की। रात्रि विश्राम नाकोड़ा तीर्थ पर किया। उन्होंने बताया कि शनिवार को आप सवेरे मंदिर में पूजा की।ट्रस्ट द्वारा कटारिया का स्वागत अभिनंदन किया गया। चेरीटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया के नेतृत्व में ट्रस्ट सदस्यों ने कटारिया का माला, शॉल, गुलदस्ता, श्रीफल देकर बहुमान किया। उन्होंने बताया कि कटारिया को ट्रस्ट सदस्यों ने सेवा कार्यों की जानकारी देकर आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की।

पाटन पुलिस ने कार्रवाई कर आठ वाहनों के चालान किए

पाटन, (निसं)। पाटन क्षेत्र में पुलिस के तीन जवानों की दुखान्तिक घटना घटने के बाद जिला प्रशासन के निर्देशों में जिले की पुलिस हरकत में आ गई है।

पुलिस द्वारा क्षेत्र में चल रहे ओवरलोड वाहन, शराब के नशे में चलाए जा रहे वाहनों के खिलाफ, वाहनों के आगे लोहे की गाटर लगाकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ एवं बिना नंबर प्लेट के वाहनों व नंबर प्लेट पर लगाई गई ग्रीस वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान चला कर उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई के साथ-साथ उन वाहनों को जप्त करने का कार्य शुरू किया है। उप पुलिस अधीक्षक अनुज डाल ने भी पाटन इलाके में उपस्थित रहकर ओवरलोड वाहनों का चालान काटा। शनिवार को पाटन पुलिस ने ओवरलोड के दो वाहनों ,शराब पीकर वाहन चलाने का एक प्रकरण, वाहनों के आगे लोहे की गाटर लगाकर चलाने वाले तीन वाहनों के चालान काटकर उन वाहनों को जप्त किया तथा दो वाहन बिना नंबर प्लेट के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर उनके चालान काटे गए है।

■ जिला प्रशासन के निर्देशों बाद जिला पुलिस हरकत में आई

डाबला पुलिस ने गांवली मोड, स्यालोदडा मोड पर नाकाबंदी के दौरान चार ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है जिसमें मशीनरी स्टोन गिट्टी भरी हुई थी तथा सड़क पर गिरती हुई जा रही थी व इन वाहनों में क्षमता से अधिक माल भरा हुआ था, चालक तेज गति व लापरवाही तथा उतावले पन से वाहनों को चला रहे थे। इन सभी वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। डाबला पुलिस थानाधिकारी महेंद्र मीणा ने बताया कि आगे भी ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

रंजिश को लेकर की युवक से मारपीट, गोली मारी

धौलपुर, (निसं)। पुरानी रंजिश को लेकर धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र के बाबू का पुरा गांव में एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर गोली मार दी। मारपीट और गोली लगने से घायल हुए युवक को परिजनों ने बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन गन शॉट जांघ में फंसा होने की वजह से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल धौलपुर के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में घायल का इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराए गए 25 वर्षीय घायल धीरज पुत्र धांधू परमार निवासी बाबू का पुरा ने बताया कि शनिवार को वह गांव के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान पड़ोसी गांव के तीन युवक घात लगाकर पहुंच गए, जहां आरोपियों ने लाठी डंडों से जमीन पर पटक कर मारपीट कर दी। जिसके बाद जांघ में गोली मारकर आरोपी फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंच गए। जहां परिजनों ने घायल धीरज को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया।

पांचना नदी में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली

करौली, (नि.स.)। करौली-हिंडौन रोड स्थित पांचना नदी में शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम और करौली सदर थाना पुलिस घटना स्थल पहुंची। मृतक के शव को नदी से निकालकर करौली अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया।

पुलिस सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से मृतक की पहचान के प्रयास कर रही थी। देर शाम मृतक कि पहचान के बाद पोस्टमार्टम कि कार्यवाही की गई। करौली सदर थाना अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम पर शनिवार प्रात: पांचना नदी में किसी के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम और पुलिस दल मौके पर पहुंचा। जहां सिविल डिफेंस टीम के जवान बृजभूषण, जयदेव, पुष्पेंद्र, सपना, फरमान खान, उपेंद्र, मनीष आदि की मदद से मृतक के शव को नदी से बाहर निकाला।



पांचना नदी से सिविल डिफेंस की टीम ने शव बाहर निकाला।

नदी में मिला शव करीब 5 दिन पुराना बताया जा रहा था। आसपास के लोगों से भी मृतक की पहचान के प्रयास किए। पहचान नहीं होने पर। मृतक के शव को करौली अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया इसके बाद थाना अधिकारी ने विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदी की रिपोर्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान के प्रयास किये।

वही मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व अन्य स्थानों पर भी सूचना भिजवाई गई देर शाम कुछ लोग करौली अस्पताल पहुँचे जहा उन्होने थाना अधिकारी योगेन्द्र शर्मा कि उपस्थिति मे मृतक के शव की पहचान कि गई इस दौरान मृतक के पुत्र मोनू ने शव कि पहचान अपने पिता रामदयाल पुत्र बुद्धा जाटव 70 निवासी माहिदपुर (निठार) जिला भरतपुर के रूप मे की जिस पर थाना अधिकारी शर्मा ने पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कि कार्रवाई शुरू करते हुए बताया कि रामदयाल गत 23 अप्रेल को प्रात अपने गाव से निकला था, जो कि मंद विक्षिप्त है जिसके शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर रहे है।